प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00 बजे

मतदान

प्रदेश के 51 शहरी निकायों में मतदान ठीक इसी समय शांतिपूर्वक संपन्न हो गया है। दोपहर एक बजे तक की जानकारी के अनुसार शहरी निकायों में करीब 49 फीसदी मतदान दर्ज किया गया है। धर्मशाला, मण्डी, पालमपुर और सोलन नगर निगमों के साथ प्रदेश की 25 नगर परिषदों और 22 नगर पंचायतों के लिए मतदान हो रहा है। प्रदेश भर में 4 सौ 49 वार्डों में से 10 वार्डों में पार्षद निर्विरोध चुने जा चुके हैं और 4 सौ 39 वार्डों में मतदान करवाया जा रहा है। इन सीटों पर एक हज़ार एक सौ 47 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। भाजपा और कांग्रेस के अलावा बड़ी संख्या में निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव लड़ रहे हैं। नगर परिषद और नगर पंचायतों की मतगणना आज शाम तक पूरी हो जाएगी जबकि नगर निगमों के चुनावी नतीजे 31 मई को घोषित किए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार दोपहर एक बजे तक नगर परिषदों और नगर पंचायतों में हमीरपुर ज़िले में सबसे ज़्यादा 69 फीसदी से अधिक मतदान दर्ज किया गया। जबकि सिरमौर ज़िले में सबसे कम 18 फीसदी मतदान हुआ है।

मतदाता–उत्साह

प्रदेश में शहरी निकायों में मतदान को लेकर इस बार बुजुर्ग मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला है। कई स्थानों पर सौ वर्ष की आयु के बुजुर्ग भी मतदान के लिए पोलिंग स्टेशन पहुंचे। शिमला ज़िले की चिड़गांव नगर पंचायत में सौ वर्ष से अधिक उम्र की कौल दासी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। ठियोग वार्ड में भी एक सौ 2 वर्षीय विमला देवी सूद ने मतदान किया। पिछली बार शहरी निकाय चुनावों में प्रदेश में करीब 73 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था।

नाहन–मतदान

सिरमौर ज़िले में भी नगर परिषद नाहन, पांवटा साहिब और नगर पंचायत राजगढ़ का मतदान शांतिपूर्ण रहा। नाहन से कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी ने इन चुनावों में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को भारी जनसमर्थन मिला है।

मण्डी मतदान

मण्डी ज़िले में नगर निगम के 14 वार्डों सहित 4 नगर परिषदों और दो नगर पंचायतों में दोपहर एक बजे तक कुल 52 दशमलव चार छः प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस अवधि में नगर निगम मण्डी में करीब 50 फीसदी मतदान हुआ। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की पूरी टीम चुनाव प्रक्रिया के सफल संचालन में निरंतर जुटी हुई है।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महासचिव डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से आर्थिक राष्ट्रवाद और विवेकपूर्ण उपभोग के आह्वान ने राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक नई चेतना जागृत की है। एक बयान में उन्होंने कहा कि सोने के सीमित उपयोग और ईंधन संरक्षण से देश का विदेशी मुद्रा भण्डार मज़बूत होगा और आत्मनिर्भर भारत को अभूतपूर्व गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का ये दूरदर्शी कदम वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 31 मई को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 34वीं कड़ी होगी। श्रोता टोल–फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य– एक एक– सात आठ शून्य शून्य पर कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव भेज सकते हैं। ये सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या मायगॉव ओपन फोरम के माध्यम से भी दिए जा सकते हैं। आप एक नौ दो दो पर मिस्ड कॉल देकर और एस.एम.एस. से प्राप्त लिंक से भी सीधे प्रधानमंत्री को सुझाव भेज सकते हैं। सुझाव 29 मई तक स्वीकार किए जाएंगे।

भर्ती

थल सेना अग्निवीर भर्ती 2025–26 के तहत आयोजित अग्निवीर क्लर्क और स्टोर कीपर की भर्ती का फाइनल परिणाम घोषित कर दिया गया है। ये भर्ती परीक्षा हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना ज़िले के युवाओं के लिए आयोजित की गई थी। थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल श्रीधर राजन ने बताया कि उम्मीदवार ये परिणाम सेना की वैबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एन.आई.सी. डॉट इन पर देख सकते हैं।